बालाजी आओ कीर्तन में

आज सजाया दरबार,
बालाजी आओ कीर्तन में,
राम के आज्ञाकार,
बालाजी आओ कीर्तन में......

ज्योत जगाये तुम्हे मनाये,
सवा मणि का भोग लगाए,
ज्योत जगाये तुम्हे मनाये,
सवा मणि का बाबा भोग लगाए,
आके दो दीदार,
बालाजी आओ कीर्तन में।।
आज सजाया दरबार......

कोतवाल भैरव को लाना,
प्रेतराज को भूल ना जाना,
कोतवाल भैरव को लाना,
प्रेतराज को भूल भी ना जाना,
कर दो सभी का उध्दार,
बालाजी आओ कीर्तन में।।
आज सजाया दरबार......

तेरे नाम की फेरी है माला,
आके कर दो घट में उजाला,
बाबा तेरे नाम की फेरी है माला,
आके कर दो घट में उजाला,
दूर करो अंधकार,
बालाजी आओ कीर्तन में।।

आज सजाया दरबार,
बालाजी आओ कीर्तन में.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23190/title/bala-ji-aao-kirtan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |